# आईआईटी के प्रो. गुप्ता ने की शोध कार्यों की समीक्षा

## >> मेवाड़ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय प्रवास

**गंगरार, 11 मार्च (जसं.)।** आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर भुवनेश गुप्ता ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के तीन दिन के दौरे के दौरान एडवांस रिसर्च ग्रुप व रिसर्च इथिकल कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक में शोध कार्यों की समीक्षा और विचारों का आदान-प्रदान किया।

इस दौरे के दौरान प्रो. गुप्ता ने विश्वविद्यालय की सभी प्रयोगशालाओं और शोध कार्यों का मूल्यांकन व निरीक्षण किया। उन्होंने शोधकर्ताओं को कई शोध के नए आयाम बताए जोकि मेवाड़ व राजस्थान के संदर्भ में लाभदायक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें कुछ नया करना चाहिए जो उद्योग क्षेत्र में व समाज के लिए लाभदायक हो। मेवाड़ विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद कमेटी सदस्यों को आईआईटी नई दिल्ली में चल रहे शोध कार्यों का परिचय कराते हुए उन्होंने कहा कि आईआईटी में प्रोफेसर व छात्र मिलकर नए विचारों को टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने नवाचार में पेटेन्ट रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया। प्रश्न-उत्तर सत्र में उन्होंने कहा कि मेवाड़ में वर्तमान में स्थित सुविधाओं से कई प्रकार के लाभ उठाए जा सकते हैं।

विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने शोध के क्षेत्र में सभी सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. केएस राणा ने विश्वविद्यालय में एक एडवांस रिसर्च केन्द्र की स्थापना की आवश्यकता जताते हुए भीलवाड़ा के कपड़ा उद्योग एवं खनन उद्योग को जोड़ते हुए शोध का महत्त्व बताया। जिसके लिये निकट भविष्य में आईआईटी के साथ मिलकर कार्य योजना बनाने की बात कही। कार्यक्रम का निर्देशन डॉ. गुलजार अहमद तथा संचालन डॉ. ज्योति सिंह राघव ने किया।

चमकता राजस्थान हिन्दी दैनिक

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में आई.आई.टी. नई दिल्ली के प्रोफेसर भुवनेश गुप्ता का तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

चमकता राजस्थान, चित्तौड़गढ़/गंगरार(अमित कुमार चेचानी) आई.आई.टी. दिल्ली के प्रोफेसर भुवनेश गुप्ता मेवाड़ विश्वविद्यालय में तीन दिन के दौरे पर आए। प्रो. गुप्ता ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के एडवांस रिसर्च ग्रुप व रिसर्च इथिकल कमेटी के सदस्यों के साथ एक बैठक में मेवाड़ विश्वविद्यालय में चल रहे शोध कार्यों की समीक्षा की और विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रो. गुप्ता ने विश्वविद्यालय की सभी प्रयोगशालाओं और शोध कार्यों का मूल्यांकन व निरीक्षण किया। प्रो. गुप्ता ने शोधकर्त्ताओं को कई शोध के नए आयाम बताए जोकि मेवाड़ व राजस्थान के संदर्भ में लाभदायक हो सकते हैं। उन्होनें कहा कि हमें कुछ नया करना चाहिए जो उद्योग क्षेत्र में व समाज के लिए लाभदायक हो। मेवाड़ विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएनऐसी) कमेटी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होनें आई.आई.टी. नई दिल्ली में चल रहे शोध कार्यों का परिचय कराते हुए कहा कि आई.आई.टी. में प्रोफेसर व छात्र मिलकर नए विचारों को टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रयासरत् है। उन्होनें नवाचार में पेटेन्ट रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया। प्रश्न-उत्तर सत्र में उन्होंने कहा कि मेवाड़ में वर्तमान में स्थित सुविधाओं से कई प्रकार के लाभ उठाए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने शोध के क्षेत्र में सभी सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। मेवाड़ विश्वविद्यालय कें कुलपति प्रो. के. एस. राणा ने विश्वविद्यालय में एक एडवांस रिसर्च केन्द्र की स्थापना की आवश्यकता जताते हुए भीलवाड़ा के कपड़ा उद्योग एवं खनन उद्योग को जोडते हुए शोध का महत्त्व बताया जिसके लिये निकट भविष्य में आई.आई.टी. के साथ मिलकर कार्य योजना बनाएंगें यह स्पष्ट किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन डॉ. गुलजार अहमद द्वारा किया गया और कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति सिंह राघव ने किया।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में आई.आई.टी. नई दिल्ली के प्रोफेसर भुवनेश गुप्ता का तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़** गंगरार. आई.आई.टी. दिल्ली के प्रोफेसर भुवनेश गुप्ता मेवाड़ विश्वविद्यालय में तीन दिन के दौरे पर आए। प्रो. गुप्ता ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के एडवांस रिसर्च ग्रुप व रिसर्च इथिकल कमेटी के सदस्यों के साथ एक बैठक में मेवाड़ विश्वविद्यालय में चल रहे शोध कार्यों की समीक्षा की और विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रो. गुप्ता ने विश्वविद्यालय की सभी प्रयोगशालाओं और शोध कार्यों का मूल्यांकन व निरीक्षण किया। प्रो. गुप्ता ने शोधकर्त्ताओं को कई शोध के नए आयाम बताए जोकि मेवाड़ व राजस्थान के संदर्भ में लाभदायक हो सकते हैं। उन्होनें कहा कि हमें कुछ नया करना चाहिए जो उद्योग क्षेत्र में व समाज के लिए लाभदायक हो। मेवाड़ विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएनऐसी) कमेटी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होनें आई.आई.टी. नई दिल्ली में चल रहे शोध कार्यों का परिचय कराते हुए कहा कि आई.आई.टी. में प्रोफेसर व छात्र मिलकर नए विचारों को टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रयासरत् है। उन्होनें नवाचार में पेटेन्ट रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया। प्रश्न-उत्तर सत्र में उन्होंने कहा कि मेवाड़ में वर्तमान में स्थित सुविधाओं से कई प्रकार के लाभ उठाए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने शोध के क्षेत्र में सभी सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। मेवाड़ विश्वविद्यालय कें कुलपति प्रो. के. एस. राणा ने विश्वविद्यालय में एक एडवांस रिसर्च केन्द्र की स्थापना की आवश्यकता जताते हुए भीलवाड़ा के कपड़ा उद्योग एवं खनन उद्योग को जोडते हुए शोध का महत्त्व बताया जिसके लिये निकट भविष्य में आई.आई.टी. के साथ मिलकर कार्य योजना बनाएगें यह स्पष्ट किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन डॉ. गुलजार अहमद द्वारा किया गया और कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति सिंह राघव ने किया।